भारत सरकार **राज्य सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 3234**

वाणिज्य विभाग

दिनांक 20 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

जीईएम के माध्यम से खरीद

3234 श्री नीरज डांगी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से की गई खरीद का कुल मूल्य कितना है;

(ख) जीईएम पर वर्तमान में पंजीकृत विक्रेताओं की संख्या कितनी है और उनमें से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) श्रेणी के विक्रेताओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार जीईएम के माध्यम से लघु एवं ग्रामीण उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कोई विशेष योजना लागू कर रही है; और

(घ) क्या सरकार की निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जीईएम प्लेटफॉर्म का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की कोई योजना है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान जीईएम के माध्यम से की गई खरीद का कुल मूल्य निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	मूल्य (करोड़ रुपये में)
2022-23	2,01,345
2023-24	4,03,547
2024-25	5,43,039

(ख) 9 मार्च 2026 तक, जीईएम पोर्टल पर कुल 24,60,079 पूर्ण प्रोफाइल वाले विक्रेता पंजीकृत हैं, जिनमें से 11,12,302 विक्रेता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) श्रेणी के हैं।

(ग) जीईएम ने एमएसएमई की जीईएम पर भागीदारी बढ़ाने के लिए निम्नलिखित उपायों का क्रियान्वयन किया हैं:

i) जीईएम का उद्यम डेटाबेस के साथ एकीकरण है ताकि विक्रेताओं की स्थिति को एमएसएमई के रूप में सत्यापित और अद्यतन किया जा सके ।

ii) मार्केटप्लेस से सीधे खरीद के मामले में, खरीदारों को मार्केटप्लेस फ़िल्टर दिए जाते हैं, ताकि वे एमएसई द्वारा पेश किए गए उत्पादों की पहचान कर सकें।

iii) सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति आदेश, 2012 के अनुरूप, एमएसई से खरीद के लिए बोली आरक्षित करने, खरीद में प्राथमिकता देने और ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपोजिट)/पूर्व अनुभव/टर्नओवर में छूट देने का प्रावधान है।

(घ) अंतर्राष्ट्रीय बोलीदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जीईएम पोर्टल पर वैश्विक निविदा पूछताछ की सुविधा शुरू कर दी गई है।

*****